भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2943
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत कोशी क्षेत्र में व्यय की गई निधि

†2943. चौधरी महबूब अली कैसर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा रामायण परिपथ, तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) और स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत कोशी क्षेत्र में स्थल-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) क्या सरकार का स्वदेश दर्शन या प्रसाद योजना अथवा किसी अन्य योजना के अंतर्गत बिहार के कोशी क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कात्यायनी स्थान जहां भगवान राम, लक्ष्मण और मां जानकी का मंदिर है को विकसित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या इसके लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटक गंतव्यों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन (यूटीए) की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजनाओं के तहत देश में पर्यटक अवसंरचना के विकास के लिए संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के परामर्श से उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। दिशानिर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, निधियों की उपलब्धता आदि की शर्त पर इन परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने कात्यायनी स्थान, बिहार के विकास के लिए व्यवहार्यता अध्ययन नहीं किया है तथापि 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के अंतर्गत बिहार में कुल 07 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है जिनमें उपासना स्थल भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत कोशी क्षेत्र में व्यय की गई निधि के संबंध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2943 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत बिहार में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
स्वदेश दर्शन			
1	तीर्थंकर परिपथ / 2016-17	वैशाली-आरा- मसाद-पटना- राजगीर- पावापुरी-चंपापुरी का विकास	33.96
2	आध्यात्मिक परिपथ / 2016-17	कांवड़िया मार्ग: सुल्तानगंज- धर्मशाला–देवघर का विकास	44.76
3	बौद्ध परिपथ / 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4	ग्रामीण परिपथ / 2017-18	भितिहरवा- चंद्रहिया- तुरकौलिया का विकास	44.27
5	आध्यात्मिक परिपथ / 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास।	44.55
प्रशाद			
6	2015-16	पटना साहिब का विकास	41.54
7	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास	4.27

****